# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, Email- bseapatna@gmail.com, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in


पत्रांक : नि० प्रा०/नि० 1-06/2018 1122 /पटना, दिनांक 14/05/2020

प्रेषक,

रंजना कुमारी,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

निबंधक, सहयोग समितियॉ, बिहार, पटना ।
प्रबंध निदेशक, कम्फेड, पटना ।
सभी प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ ।
सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी ।
सभी प्रबंध निदेशक, दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० ।
सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) ।

विषय : **सहकारी साख एवं विपणन संरचना से जुड़े सहकारी समितियों/ स्वाबलम्बी सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची के संबंध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 131 दिनांक 15.01.2019 (प्राधिकार के वेबसाईट www.bsea.bih.nic.in पर उपलब्ध) द्वारा यह व्यवस्था की गयी है कि समिति निर्वाचन देय तिथि के 180 दिन पूर्व 15 दिनों के नोटिस पर प्रबंधकारिणी समिति की एक विशेष बैठक बुलाएगी एवं बैठक में प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची रखेगी। बैठक में संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकीय कर्मी भी अनिवार्य रूप से भाग लेंगे।

2. दुग्ध समिति/ संघ के मामले में यह निदेश था कि संबंधित दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक पर्यवेक्षकीय कर्मी की प्रतिनियुक्ति जिला सहकारिता पदाधिकारी के माध्यम से करायेंगे। प्रबंध निदेशक, कम्फेड द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी के माध्यम से पर्यवेक्षकीय कर्मी की प्रतिनियुक्ति कराये जाने में व्यवहारिक कठिनाईयों के मद्देनजर यह अनुरोध किया गया है कि दुग्ध समिति/ संघ के मामले में जिला सहकारिता पदाधिकारी के माध्यम से पर्यवेक्षकीय कर्मी की प्रतिनियुक्ति किये जाने के स्थान पर संबंधित दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक/ संबंधित डेयरी प्रोजेक्ट के मुख्य कार्यपालक द्वारा दुग्ध संघ एवं डेयरी प्रोजेक्ट के पर्यवेक्षकीय कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाय।

3. अत: उक्त परिपेक्ष्य में निदेशित है कि दुग्ध समिति/ संघ की प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी हेतु संबंधित दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक/ संबंधित डेयरी प्रोजेक्ट के मुख्य कार्यपालक द्वारा दुग्ध संघ एवं डेयरी प्रोजेक्ट के पर्यवेक्षकीय कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाय तथा इसकी जानकारी जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भी दी जाए।

4. प्राधिकार के पत्रांक 131 दिनांक 15.01.2019 को इस हद तक संशोधित समझा जाय। उक्त पत्र द्वारा दिये गये अन्य निदेश यथावत रहेंगे।

विश्वासभाजन
14.5.20
(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव।

P.T.O

BSEA Hall dt.08.05..2020_Rajesh

ज्ञापांक: 1122 पटना, दिनांक 14/05/2020

प्रतिलिपि: सभी जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.5.20

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक: 1122 पटना, दिनांक 14/05/2020

प्रतिलिपि: सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.5.20

संयुक्त सचिव।

BSEA Hall dt.08.05..2020_Rajesh